भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †24

सोमवार, 20 जुलाई, 2026/29 आषाढ़, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

ओणम त्योहार के लिए निधि

†24. श्री वी. के. श्रीकंदन:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने ओणम-2025 त्योहार के आयोजन हेतु आठ पुलिकली टीमों के लिए सहायता के रूप में केरल राज्य सरकार की 40 लाख रुपये की मांग के एवज में कुल 24 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या स्वीकृत निधि अभी तक जारी नहीं की गई है; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): जी हाँ, पर्यटन मंत्रालय ने पुलिकली संगम 2025 के लिए केरल सरकार के पर्यटन विभाग को 24.00 लाख रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत की है।

मेलों और महोत्सवों के प्रचार हेतु वित्तीय सहायता दिए जाने से संबंधित नियमों और शर्तों के अनुपालन में राज्य सरकार द्वारा अपेक्षित दस्तावेज जमा न किए जाने के कारण स्वीकृत निधि जारी करना लंबित है।

*****